




# मालिक ने दी ड्राइवर की हत्या की सुपारी

## दो दिन पूर्व हुई थी युवक की हत्या, पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी सहित आठ को पकड़ा, शिक्षिका की कार चलाता था मृतक



नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. कैंट थाना अंतर्गत कार चालक की हत्या के आरोपी कार के मालिक सहित 8 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना में कार मालिक ने ड्राईवर की हत्या की सुपारी अपने साले के साथ मिलकर 50 हजार रुपए में दी गई थी.**

कैंट थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 नवम्बर को मोतीनगर थाना क्षेत्र के सूबेदार वार्ड निवासी संतोष साहू ने दर्ज कराई थी कि उसका भाई दीपचंद साहू जो कि मुकेश खटीक निवासी विवेकानंद वार्ड की कार चलाता था घटना दिनांक को भगवानगंज स्थित सर्विसिंग सेंटर पर दीपचंद की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया था. पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान घटना स्थल के आसपास के क्षेत्रों में 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुख्य षड्यंत्रकर्ता की पहचान वाहन अनिल खटीक निवासी विवेकानंद वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसके द्वारा मुहबोले रिश्तेदार सुरेंद्र उर्फ मुल्ली खंगार निवासी कर्रापुर को मृतक दीपचंद की फोटो दिखाकर 50 हजार रुपए की सुपारी देने की बात की थी. जिसमें से 17 हजार रुपए का भुगतान भी विभिन्न माध्यमों से किया जा चुका है.

पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों में निखिल रैकवार कर्रापुर, बड्डू उर्फ जय अहिरवार कर्रापुर, कार्तिक रैकवार करीला, समीर अहिरवार मोतीनगर और दो नाबालिग बालिक से पूछताछ में सामने आया कि उन्होने पैसों की चालच में मोटर साइकिल से रैकी कर दीपचंद की हत्या की है. तो वहीं पुलिस के अनुसार ही मुख्य षंड्यंत्रकर्ता को शक था कि मृतक जो कि उसकी पत्नी की कार का ड्राईवर है और स्कूल छोड़ने जाता है.

### अवैध शराब बरामद

**सागर.** मोतीनगर थान पुलिस ने अंग्रेजी शराब 94 लीटर, एक ओमनी कार जिसकी कीमत लगभग 02 लाख रुपये सहित 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्लेटी रंग की ओमनी कार में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर रजौआ की ओर से शहर की तरफ लाई जा रही है. रजौआ रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास घेराबंदी की गई. संदिग्ध ओमनी कार दिखाई दी, जिसे घेराबंदी कर रोक लिया गया. वाहन में तीन व्यक्ति बैठे मिलेउन्होंने नाम अंकुर यादव, निवासी रामबाग मंदिर बड़ा बाजार, प्रवीण सोनी, निवासी रिमझिरिया गोपालगंज, परख शुक्ला निवासी मोहननगर वार्ड बताया.

# स्थानीय उद्यमियों से खरीददारी करें

## गौर सप्ताह : विवि स्थित केंद्रीय विद्यालय के वार्षिक उत्सव में कुलपति ने कहा

नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. गौर उत्सव के तहत स्वर्ण जयंती सभागार में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-4 द्वारा वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया.**

कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने वोकल फॉर लोकल का समर्थन करते हुए उन्होंने स्थानीय उद्यमियों से खरीदारी को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया और विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के त्याग को याद रखकर विद्यालय के समय का सदुपयोग करने की सलाह दी. एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने कहा कि बच्चों को असफलताओं से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल कराने, मोबाइल की लत से दूर रखने तथा अच्छी परवरिश को प्राथमिकता देने की अपील की. प्रो. आशीष वर्मा ने कहा कि इंजीनियरिंग संस्थान और एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग प्रारंभ करना डॉ. गौर का प्रमुख सपना था.



विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बताया कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र देश-विदेश में हर जगह मिल जाते हैं, जो विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का प्रमाण है. केवी-4 के विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि टू गौर, दीपक नृत्य, फेयरी डांस, कश्मीरी नृत्य, कोली (महाराष्ट्र) नृत्य, फ्लूट प्रस्तुति सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक प्रस्तुतिकरण जलियांवाला बाग त्रासदी, गांधीजी के संदेश और 2008 मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित नाट्य मंचन रहा. प्रस्तुति में 2008 मुंबई हमलों को दुनिया की सबसे बड़ी आतंकी घटना के रूप में दर्शाया गया. कार्यक्रम में विद्यालय केवी -1 के आचार्य मनीष गुप्ता, केवी-3 के प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज, केवी-4 के प्राचार्य राजेंद्र सिंह वर्मा आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में



### फार्मेसी सप्ताह के तहत जागरुकता रैली निकाली

**सागर.** एडिना में 64वां नेशनल फार्मेसी वीक मनाया गया. इस वर्ष का थीम फार्मासिस्ट एस एडवोकेट्स ऑफ वैक्सीनेशन रहा. विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने पोस्टर, स्लोगन और जनसंदेशों के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के महत्व, सुरक्षित स्वास्थ्य व रोग-निरोध के प्रति जागरूक किया. डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन ने कहा कि भविष्य के फ़ार्मासिस्ट के रूप में छात्रों को समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी समझनी चाहिए. संचालन डॉ. रूपेश जैन, आसमा कोसर, समीर पांडेय और अर्पित श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया.



### नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम

**सागर.** शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में रासेयो इकाई प्रथम कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरिता जैन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया. संस्था प्रमुख डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि आप सभी का नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में एक साझा जिम्मेदारी है जैसे आप आगे निभाए. रासेयो प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है लेकिन इसे खत्म किया जा सकता है. डॉ अलका पुष्पा ने कहा छात्राओं को नशा न करने के लिये प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई. तबरेज मंसूरी ने कहा कि नशा मुक्ति एक अभियान हैं जो हमारे समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है.



### स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों से सैंपिल लिए गए

**सागर.** मिलावट के विरुद्ध अभियान के तहत कटरा, नमक मंडी और सागर स्थित चार चौपाटियों का निरीक्षण किया गया. प्रशासन की टीम ने मौके पर ग्वालियर चाट, रीवा चाट, भोपाल माल और मधुर पावभाजी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अमित पावभाजी एवं गोपाल चाट भंडार के एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन की एक्सपायरी डेट पाई गई. गोपाल चाट भंडार से फुलकी, मधुर पावभाजी से पावभाजी, कुकिंग यूज्ड ऑइल और मोमोज के नमूने लिए गए. साथ ही तीर्थकर परिसर स्थित कोमल ट्रेडर्स से किशमिश, पिंड खजूर और एप्रीकोट के नमूने भी लिए गए. इन सभी नमूनों की प्राथमिक जांच चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में कराई गई और आगे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल में जाँच के लिए भेजा गया.



### नौ दिवसीय संगीत कार्यशाला प्रशिक्षण

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, के संगीत विभाग में नौ दिवसीय संगीत कार्यशाला संगीत का व्यावहारिक प्रशिक्षण : शास्त्रीय संगीत से सुगम संगीत तक का शुभारंभ हुआ. संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरिओम सोनी ने कार्यशाला की रूपरेखा, उद्देश्य तथा प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने संगीत के आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नवीन गिडियन एवं डॉ. एमएम चौकसे ने भी शुभकामनाएं व्यक्त कीं. कार्यशाला में डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने स्वर-लगाव एवं रागों के सूक्ष्म आयामों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए.

# मोटर साइकिल भिड़ंत में एक मृत

नवभारत न्यूज

**खुरई 20 नवम्बर. शहरी थाना क्षेत्र के ग्राम रेगुवा में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ग्यारसी अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई.**

**पुलिस ने मोटर साइकिल जप्त की, आरोपी फरार**

मिली जानकारी के अनुसार रेगुवा निवासी ग्यारसी अहिरवार अपने पुत्र और उसके दोस्त के साथ सेन्ट्रल बैंक गए थे वापिसी में लौटते समय गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एमपी 40 जेडसी 2078 ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ग्यारसी अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल भेज दिया. जहां कल शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# जीवन में सत्संग का बहुत महत्व है : इंद्रेश जी

नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि जीवन में सत्संग का बहुत महत्व है. गौ, ब्राह्मण और अग्नि इन तीनों का एक ही गोत्र होता है, इसलिए इन्हें जो भी अर्पित किया जाता है वह सीधे ठाकुर जी को प्राप्त होता है.**

उन्होंने कहा कि भगवत मिलन में जो बाधा बने, चाहे वह परिवार या कोई भी संबंध हो, उसका त्याग कर देना चाहिए क्योंकि वही संबंध सार्थक हैं जो हमें हरि से मिला दें. महाराज जी ने कहा के विधायक वही सही, जो आपको हरि से मिला दे,



आरती में मुख्य यजमान श्रीमती अनुश्री जैन एवं विधायक शैलेंद्र जैन सम्मिलित हुए. इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयंत मलैया, एडीजी अन्वेष मंगलाम और सुनीलजी देव भी उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि सत्य ऐसा बोलना चाहिए जो सबको प्रिय लगे, भूख लगे तो भोजन, नींद आए तो सोना, जीविकापार्जन यह सब धर्म है लेकिन शरीर की चिंता छोड़कर आत्मा के कल्याण का चिंतन परम धर्म है. कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, वृंदावन अहिरवार, प्रदीप पाठक, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, संतोष पांडे, गौरी यादव, दिलीप मलैया, अनिल तिवारी, मनोज जैन, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, अमित बैसाखिया, नीरज यादव, प्रासुख जैन, अविनाश जैन, श्रीकांत जैन,मेघा दुबे मौजूद रहे.

### बैठक में रूपरेखा तय

**रहली.** श्री देव जानकी रमण मंदिर में समिति और भक्तों की बैठक हुई. बैठक में श्री राम जानकी शुभ विवाह उत्सव के आयोजन पर विचार विमर्श होकर रूपरेखा तय की गई. समिति के अध्यक्ष पूर्व नपा अध्यक्ष सौरभ हजारी ने बताया नगर के हृदय स्थल बजरिया देव जानकी रमण मंदिर में श्री राम जानकी शुभ विवाह उत्सव का आयोजन होगा, सुबह से अभिषेक होगा. सायं 5 बजे से नगर के मुख्य मार्गों से बारात निकलेगी, भंडारा होगा. बैठक में सचिव विवेक नारायण सोनी, अनूप ददरया, महेश साहू, रमेश साहू, गोविंद सोनी, विकास चौरसिया, सोनू सेधिया मौजूद थे.

# सांस फूलने में स्पाइरोमेट्री की जांच जरूरी

नवभारत न्यूज

**रहली 20 नवम्बर. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व सीओपीडी दिवस पर आईएमए और स्वास्थ विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस वर्ष का थीम शॉर्ट ऑफ ब्रेथ, थिंक सीओपीडी है, जो सांस फूलने जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेने और समय पर निदान की आवश्यकता पर जोर देता है. वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सराफ ने बताया कि प्रदूषण, धूम्रपान एवं बायोमास ईंधन के उपयोग से सीओपीडी रोग तेजी से फैल रहा है जो फैफड़ों को नष्ट करता जाता है.




क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सागर डॉ नीना गिडियन ने महिलाओं में सीओपीडी की बीमारी पर विशेष प्रकाश डाला. आईएमए अध्यक्ष एवं टीबी चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. तल्हा साद ने बताया कि सीओपीडी के मुख्य लक्षणों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम आना, सीने में जकड़न एवं थकान शामिल हैं, जो धीरे-धीरे बिगड़ते जाते हैं. जांच के लिए स्पाइरोमेट्री सबसे महत्वपूर्ण है, जो फेफड़ों की क्षमता मापती है. सीओपीडी के इलाज में ब्रोंकोडाइलेटर दवाएं, इनहेलर, ऑक्सीजन थेरेपी एवं फेफड़ों की पुनर्वास शामिल हैं, जबकि रोकथाम के उपायों में धूम्रपान त्यागना, प्रदूषण से बचाव, टीकाकरण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाना प्रमुख हैं. इस दौरान पूर्व सीएमएचओ डॉ आई एस ठाकुर, जिला क्षय अधिकारी डॉ आरिफ कुरैशी, डॉ. सुशीला यादव, डॉ संदीप असती, डॉ अनामिका, डॉ अरजरिया मौजूद थे.

### कार्यकारिणी गठित

**बीना.** सराफा जनसेवा एसोसिएशन की बैठक देव लक्ष्मीकांत मंदिर इटावा बाज़ार में आयोजित की गई. बैठक में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया. इस दौरान कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सोनी, उपाध्यक्ष इंद्रभूषण जड़िया, सचिव शरद सराफ, सहसचिव उमाशंकर सोनी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राय, सहकोषाध्यक्ष योगेश समैया, कानूनी सलाहकार राजकमल सोनी, प्रचार सचिव मनीष सोनी, संरक्षक मंडल ओमप्रकाश सोनी, रामस्वरूप सोनी, जगदीश जड़िया, पूर्व अध्यक्ष भारत भूषण सोनी, मनोज अग्रवाल शामिल है.

# जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 नवम्बर. थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी पठार निवासी रामरतन सेन ने पुलिस को शिकायती की है.**

बताया कि उसकी गांव में जमीन सं. 9/7 व 9/19 रकवा 1.821 हे. स्थित है. जमीन का न्यायालय अपर आयुक्त द्वारा पूर्व में उक्त जमीन का सीमा चिह्न कर पत्थर गड्डी करा दी गयी थी. आरोप है कि उसी जमीन पर गांव के शिशुपाल सिंह, राजपाल सिंह, बल्लू राजा पुत्रगण कल्याण सिंह ठाकुर, मुकेश यादव पुत्र विश्वनाथ यादव व अकल यादव पत्नी मुकेश ने उसकी जमीन 2 एक 26.8 डिस्मिल पर अवैध कब्जा कर लिया है. आरोप है कि जमीन पर लगी पत्थर गड्डी उखाड़कर सीमा चिह्नों को तोड़कर नष्ट कर दिया, उलाहना देने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. यह भी आरोप है कि शिशुपाल स्वयं को पुलिस के सामने रेलवे लाइन से कटने की धमकी दे रहा है. पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 191 (2), 191 (3), 352, 351 (3), 329 (3), 326 (ई) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी.

# महापौर ने की एसआईआर सर्वे की प्रगति की समीक्षा




नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. लोकतंत्र का उत्सव अभियान के अंतर्गत संचालित एसआईआर सर्वे की प्रगति की समीक्षा हेतु नगर निगम सभाकक्ष में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई.**

ननि क्षेत्र के नागरिकों को एसआईआर सर्वे में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित करने व टोल फ्री नंबर 18002331535, 07582224550 जारी किया गया. एसआईआर सर्वे में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार को गोपालगंज वार्ड में झंडा चौक पर दोपहर 12 बजे शिविर का शुभारंभ महापौर करेंगी. बैठक में शैलेंद्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, कंचन जड़िया, बब्बू यादव, याकृति जड़िया, रूबी पटेल, नीरज कोरी, देवेंद्र अहिरवार, रिचा सिंह, नीलोफर अंसारी, अशोक साहू, सुरेखा राय मौजूद रहे.

### जयंती पर कार्यक्रम

**ललितपुर.** अधिवक्ता संवाद और मानव ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में कचहरी चौराहे पर वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को दीपांजलि अर्पित की. कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और उनकी वीरता की प्रशंसा की. एड. हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्रोत है. इस दौरान मानव ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, सुनील देवलिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेंद्र पाराशर, शशिकांत राजपूत, शेरसिंह यादव, अनुराग लोधी, ब्रजेश श्रीवास्तव, जगदीश पटेल, सचिन जैन, प्रशांत शुक्ला, कमलेश लोधी, बलराम कुशवाहा, मनीष दुबे, विकास झां, देव सिंह आदि मौजूद थे.

# दिव्यांगजनों की समस्याओं को निराकृत करें

## विभागीय मंत्री ने सागर में आयोजित संभागीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की संभागीय समीक्षा बैठक ली गई.**

मंत्री श्री कुशवाह ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा उपस्थित संभागीय अधिकारियों को दिव्यांगजनों से संबंधित समस्त योजनाओं में प्रगति हेतु निर्देशित किया. इसके अलावा छतरपुर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र और शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक/बालिकाओं के विशेष विद्यालय,के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संचालनालय से आए अधिकारियों को शीघ्र पूर्ति करने के निर्देश दिए. विभागीय अन्य योजनाओं में जिला स्तर पर आ रही समस्याओं को भी भोपाल स्तर पर होने वाली विभागीय बैठक में निराकरण करने के निर्देश दिए गए.



जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों में दिव्यांगजनों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए समस्याओं को तत्काल निराकरण करने हेतु समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया. संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. डी.एस. यादव ने आभार माना. बैठक में श्रीमति सुचित्रा तिर्की बेक, प्रमिला बाईकर, भरत सिंह गौर, सौरभ तिवारी, वान्या टंडन, श्रीमति प्रतीक्षा सिंघई, पंकज त्रिपाठी आदि मौजूद थे.

**ज्ञान कल्याणक** — सिरोंजा शांतिधाम पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में मनाया गया ज्ञान कल्याणक

# पुण्यार्जक परिवार को सेठ और श्रावक शिरोमणि की उपाधि से किया विभूषित

नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में सिरोंजा शांतिधाम स्थित शांतिनाथ जिनालय के पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में आज ज्ञान कल्याणक मनाया गया. कल महोत्सव के समापन पर फेरी और विज्ञान रथ निकाला जायेगा.**

सिरोंजा शांतिधाम में आयोजित महोत्सव में आज पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री लखन पटैल, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, डॉ अनिल तिवारी ने पहुंचकर आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया. इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद द्वारा पुण्यार्जक परिवार के आयोजक एवं मुख्य जजमान संतोष जैन घड़ी को श्रावक शिरोमणि और सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से सीट की उपाधि से विभूषित किया गया. तो वहीं गुरुकुल दिगंबर जैन उदासीन आश्रम द्रोणगिरी के द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया. सकल दिगंबर समाज की ओर से राकेश जैन चच्चा जी ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया. इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य ब्रं. जयकुमार निशांत, हुकुमचंद जैन, दिलीप रांधेलिया, अशोक पिड़रुआ, कैलाश सिंघई, श्रेयांश जैन, मनोज बंगेला, ऋषभ चंदेरिया, प्रेमचंद बरेठी, अजय सराफ, परमेष्ठी जैन, महेंद्र बलेह, सौरभ जैन घड़ी, उमेश जैन बंडा उपस्थित रहे. मंचासीन पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने भगवान शांतिनाथ के समवशरण का उद्घाटन किया. श्री भार्गव ने कहा कि महोत्सव स्थल पर अलोकिक दृश्य और आनंद की अनुभूति हुई. यह स्थान भी महातीर्थ से कम नहीं है. धर्म की प्रभावना व वातावरण नजर आया. पुण्यार्जक परिवार को तो श्रीमंत सेठ की उपाधि दी जाना चाहिए. जिनके द्वारा धन का धर्म में व्यय कर धन्य हो गए, इस अवसर पर सौधर्म इंद्र डॉ सतेंद्र जैन, संदीप जैन, देवेंद्र जैन लुहारी, सुरेंद्र खुरदेलिया, अंकुर जैन, श्रेणिक जैन, अमित चौधरी, नैवी जैन, देवेंद्र फुसकेले आदि उपस्थित रहे.

### किराना दुकान पर विवाद

**खुरई.** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लुहर्रा गांव में दुकान पर सामान लेने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें तीन लोगो ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी निरंजन पिता खुशीलाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी लुहर्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि मोहल्ले के संतोष अहिरवार की दुकान पर सामान लेने गया था. तभी वह कहने लगा सुबह ले लेना दुकान बंद कर रहा हूॅ, इसके बाद वह गालियां देने लगा, इसके बाद वह दुकानदार पास में पड़ा डंडा उठाकर मारपीट शुरू कर दी. विवाद देख कर लड़का और भतीजा आ गया.